# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: coe@suksn.edu.in

पत्रांक–5806/सि0वि0वि0 / सा0प्र0 / 2026

**अतिमहत्वपूर्ण/अतिशीघ्र सूचना**

दिनांक 03 –09–2026

सेवा में,

1–समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी (परिसर)
सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
2–समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– **रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने से पूर्व लाभार्थी छात्राओं का आवेदन पूरित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपुर्यक्त विषयक शासनादेश सं0 64/2026/563/सत्तर–4–2026–70–4002(001)/ 2/206 दिनांक 19 अगस्त, 2026 द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में समस्त स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं में से टॉप 5 प्रतिशत छात्राएं (अन्तिम सी0जी0पी0ए0 8.05) जो उत्तर प्रदेश की मूल निवासी हों एवं जिनकी वार्षिक आय रू0 12 लाख से कम हों, इसके अतिरिक्त सामान्य मेधावी छात्राओं के लिए निर्धारित मेरिट से 10 प्रतिशत कम अंकों (अन्तिम सी0जी0पी0ए0 7.05) वाली शहीद परिवारों की मेधावी छात्राएं तथा दिव्यांग एवं निराश्रित छात्राओं को योजना में सम्मिलित किया गया है। उक्त श्रेणी के लाभार्थियों का आवेदन शासन के आदेशानुसार समय से पूरित कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्देशित किया गया है। किन्तु प्रायः देखा जा रहा है कि लाभार्थियों का आवेदन प्रक्रिया बहुत धीमी गति से की जा रही है, जिसे शासन द्वारा अत्यन्त गम्भीरतापूर्वक लिया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि शासनादेश द्वारा आच्छादित श्रेणी के लाभार्थी छात्राओं का रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने से पूर्व लाभार्थियों का आवेदन पूरित कराना सुनिश्चित करें। आवेदन अपूर्ण अथवा विलम्ब होने की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र अथवा महाविद्यालय की होगी।

**नोट– यदि छात्राओं के सी0जी0पी0ए0 मे समानता पायी जायेगी तो यथा आवश्यकता नियमानुसार ट्राई ब्रेकर नियम को लागू किया जायेगा।**

भवदीय

**परीक्षा नियंत्रक**

पत्रांक– /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
4. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
6. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक